# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुरेन्द्रसिह (आर0ए0एस0 )
वाद सं0 : 772 सन 2019
अनवान :–

1. श्योकतअली पुत्र गनीमोहम्मद जाति व्यापारी साकिन नोहर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर।

प्रतिवादी

**दावा इस्तकरार हक अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**उपस्थित :– श्री हवासिह अधिवक्ता वादी**
**निर्णय दिनांक :– 10/12/2019**

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता एक वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आश्य का पेश किया की रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 170/159 के खसरा न0 294 की 3.0360हैक भूमि में वादी 1/21 हिस्सा एवं रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 171/160 के खसरा न0 297/1 की 3.8080हैक ,305 की 0.1270हैक 306/1 की 10.1710हैक कुल 14.1060हैक भूमि में वादी 1/7 हिस्सा का खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज है ।

वादी के नाम वाद भूमि विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है वादी को श्योकत एवं श्योकत अली दोनो नामों से जाना जाता था सहवन से विरास्तन नामान्तकरण दर्ज करते समय वादी का नाम श्योकत पुत्र गनीमोहम्मद दर्ज हो गया है लेकिन अन्य सभी दस्तावेजात में वादी का नाम श्योकत अली दर्ज है दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है।

वादी के अन्य दस्तावेज जैसे मतदाता पहचान पत्र, आम आदमी का आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, बैक पास बुक , सभी में वादी का नाम श्योकत अली दर्ज है लेकिन राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में वादी का नाम श्योकत दर्ज है जिससे वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी अपना सही नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पानें की अधिकारी है।

अतः वाद वादी स्वीकार/डिक्री किया जाकर रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 170/159 के खसरा न0 294 की 3.0360हैक भूमि में वादी 1/21 हिस्सा एवं रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 171/160 के खसरा न0 297/1 की 3.8080हैक ,305 की 0.1270हैक 306/1 की 10.1710हैक कुल 14.1060हैक भूमि में वादी 1/7 हिस्सा में श्योकत दर्ज है के स्थान पर श्योकत अली राजस्व रिकार्ड में दर्ज करने कर जमाबन्दी संशोधन करने के आदेश फरमावें।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादी /पेरोकार राज को तलब किया गया । पेरोकार न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के वाद के सम्बध में जबाब पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए वादी का नाम दुरूस्त किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है जबाब शामिल मिसल किया जाकर उभयपक्षों को सुना गया।

वकील वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 170/159 के खसरा न0 294 की 3.0360हैक भूमि में वादी 1/21 हिस्सा एवं रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 171/160 के खसरा न0 297/1 की 3.8080हैक ,305 की 0.1270हैक 306/1 की 10.1710हैक कुल 14.1060हैक भूमि में वादी 1/7 हिस्सा का खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज है ।

वादी के नाम वाद भूमि विरास्तन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है वादी को श्योकत एवं श्योकत अली दोनो नामों से जाना जाता था सहवन से विरास्तन नामान्तकरण दर्ज करते समय वादी का नाम श्योकत पुत्र गनीमोहम्मद दर्ज हो गया है लेकिन अन्य सभी दस्तावेजात में वादी का नाम श्योकत अली दर्ज है दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है।

वादी के अन्य दस्तावेज जैसे मतदाता पहचान पत्र, आम आदमी का आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, बैक पास बुक , सभी में वादी का नाम श्योकत अली दर्ज है लेकिन राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में वादी का नाम श्योकत दर्ज है जिससे वादी के खातेदारी अधिकारों का हनन होता है वादी अपना सही नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पानें की अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमावें।

उपखण्डाधिकारी (राजस्व)
नोहर

पेरोंकार राज ने अपनी बहस में अपने जबाब में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए वादी का नाम दुरूस्त किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है

हमने उभयपक्षों की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी के अनुसार रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 170/159 के खसरा न0 294 की 3.0360हैक भूमि में वादी 1/21 हिस्सा एवं रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 171/160 के खसरा न0 297/1 की 3.8080हैक ,305 की 0.1270हैक 306/1 की 10.1710हैक कुल 14.1060हैक भूमि में वादी 1/7 हिस्सा का खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिसमें वादी का नाम श्योकत दर्ज है।

वादी का कथन है कि वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करते समय श्योकत अली के स्थान पर श्योकत दर्ज किया गया है सही नाम श्योकत अली है सही नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवाना चाहते है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात के मतदाता पहचान पत्र, आम आदमी का आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, बैक पास बुक ,शिक्षा के दस्तावेजात अंक तालिका सभी में वादी का नाम श्योकत अली पुत्र गनी मोहम्मद दर्ज है। पार्षद नगर पालिका नोहर के अनुसार भी वादी का सही नाम श्योकत अली है वादी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात/रिपोर्ट के आधार पर वादी का सही नाम श्योकत अली होना प्रतित होता है

इसप्रकार वादी के राजस्व रिकार्ड एवं प्रस्तुत अन्य दस्तावेजात में वादी के नामों में भिन्नता है तहसीलदार राजस्व नोहर के अनुसार वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है अर्थात पेरोकार भूमिधारी द्वारा वादी के जबाब के सम्बध में किसी प्रकार का ऐतराज पेश नही किया गया है साथ ही यदि वादी का नाम राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाता है तो राज्य सरकार को किसी प्रकार की हानी नही होती है बल्की राजस्व रिकार्ड ही संशोधित होता है।

वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं पार्षद नगर पालिका नोहर के प्रमाण पत्र तथा पेरोकार राज को किसी प्रकार को ऐतराज नही होने के कारण वाद वादी स्वीकार किया जाकर डिक्री किया जाकर घोषणा की जाती है कि रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 170/159 के खसरा न0 294 की 3.0360हैक भूमि में वादी 1/21 हिस्सा एवं रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 171/160 के खसरा न0 297/1 की 3.8080हैक ,305 की 0.1270हैक 306/1 की 10.1710हैक कुल 14.1060हैक भूमि में वादी 1/7 हिस्सा में श्योकत पुत्र गनी मोहम्मद दर्ज है के स्थान पर श्योकत अली पुत्र गनीमोहम्मद संशोधित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी अनुसार पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 10/12/19 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) हनुमानगढ़
नोहर

# पर्चा डिक्री

( आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी )

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर

**अज अदालत :– सुश्री श्वेता कोचर ( आर.ए.एस)**

अनवान :–

1. श्योकतअली पुत्र गनीमोहम्मद जाति व्यापारी साकिन नोहर तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादी

बनाम

1 राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर।

प्रतिवादी

**वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 772 सन 2019 निर्णय दिनांक–10/12/19**

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादीयागण एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्यों के आधार पर वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 170/159 के खसरा न0 294 की 3.0360हैक्ट भूमि में वादी 1/21 हिस्सा एवं रोही मौजा मालिया के खाता संख्या 171/160 के खसरा न0 297/1 की 3.8080हैक्ट ,305 की 0.1270हैक्ट 306/1 की 10.1710हैक्ट कुल 14.1060हैक्ट भूमि में वादी 1/7 हिस्सा में श्योकत पुत्र गनी मोहम्मद दर्ज है के स्थान पर श्योकत अली पुत्र गनीमोहम्मद संशोधित किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकिन किया जावे। व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 10/12/19 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी ( राजस्व )
( हनुमानगढ )

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर